# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या –पी0आर0 61 /2023**

**माध्यमिक स्तर के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, विद्यालय में कार्यरत शिक्षक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी के लिए आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य सभी जिला में निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र पर **दिनांक 01.03.2023 से प्रारंभ होगा, जो दिनांक 12.03.2023 तक चलेगा।** मूल्यांकन कार्य एवं अन्य गोपनीय कार्य के उद्देश्य से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कार्यरत विषयवार शिक्षकों की सूची समिति के वेबसाईट पर ऑनलाइन अपडेट कराया गया था। उक्त सूची से आवश्यकतानुसार विषयवार सह–परीक्षकों एवं प्रधान परीक्षकों का चयन कर नियुक्ति पत्र समिति के वेबसाईट **biharboardonline.bihar.gov.in** अथवा **teach.biharboardonline.com** पर अपलोड किया गया है। साथ ही सह–परीक्षकों एवं प्रधान परीक्षकों के नियुक्ति पत्र की हार्ड कॉपी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भेजा जा चुका है।

2. माध्यमिक स्तर के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान से अनुरोध है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से अपने विद्यालय में अद्यतन कार्यरत शिक्षकों का नियुक्ति पत्र स्वयं अथवा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्राप्त कर संबंधित शिक्षक को प्राप्त कराते हुए मूल्यांकन कार्य हेतु विरमित करना सुनिश्चित करेंगे। समिति के वेबसाईट **biharboardonline.bihar.gov.in** पर उपलब्ध *Link* **"शिक्षक नियुक्ति पत्र (मा0) परीक्षा, 2023" अथवा teach.biharboardonline.com पर क्लिक कर सह परीक्षक/प्रधान परीक्षक चाहें तो स्वयं भी अपना नियुक्ति पत्र उक्त वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं।**

3. मूल्यांकन केन्द्र पर उत्तरपुस्तिकाओं से अवार्ड शीट एवं मार्क्स फवायल पर अंकों की प्रविष्टि M.P.P (Marks Posting Personnel) द्वारा किया जाना है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रेषित M.P.P की सूची से आवश्यकतानुसार मूल्यांकन केन्द्रवार M.P.P का चयन कर नियुक्ति पत्र समिति के वेबसाईट **biharboardonline.bihar.gov.in** पर उपलब्ध *Link* " M.P.P नियुक्ति पत्र (मा0) परीक्षा, 2023" पर अपलोड करते हुए उसकी हार्ड कॉपी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भेजा गया है। संबंधित M.P.P चाहें तो स्वयं भी अपना नियुक्ति पत्र समिति के उक्त वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं।

4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि सह–परीक्षकों/प्रधान परीक्षकों का नियुक्ति पत्र संबंधित विद्यालय के प्रधान अथवा उनके द्वारा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि को तथा M.P.P. का नियुक्ति–पत्र संबंधित M.P.P. को अपने स्तर से वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे। जिन M.P.P. का चयन कर नियुक्ति पत्र भेजा जा रहा है, उन्हें अपने स्तर से निदेशित कर देंगे कि वे निर्धारित तिथि को अपने मूल्यांकन केन्द्र पर अनिवार्य रूप से योगदान करना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा योगदान नहीं करने की स्थिति में उनके विरूद्ध बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। आपके सुविधा हेतु जिलान्तर्गत निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र पर प्रतिनियुक्त सह–परीक्षक/प्रधान परीक्षक तथा M.P.P. की सूची भी प्रेषित किया गया है।

5. सभी संबंधितों से अनुरोध है कि उत्तरपुस्तिकाओं के गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन कराने में अपना पूर्ण सहयोग देने की कृपा किया जाय।

23.02.23

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक),**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

23/2/23

(कृ०पृ०उ०)

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–457/22 ह0- 293 /पटना, दिनांक : 23 / 02 / 2023